Regarding need to strengthen healthcare facilities in Basti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री राम प्रसाद चौधरी **(बस्ती) :** मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती, उत्तर प्रदेश में जनसंख्या के अनुपात में चिकित्सा एवं अस्पतालों की सुविधाएँ अत्यंत कम हैं । एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने के बाद भी डॉक्टरों तथा जाँच उपकरणों की कमी के कारण बीमारियों की समुचित जाँच नहीं हो पाती है । परिणामस्वरूप मरीजों को तत्काल अन्य मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरण कर दिया जाता है जिसका आर्थिक भार गरीब लोग वहन करने में असमर्थ होते हैं । स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के कारण अनेक क्षेत्रवासी आवश्यक उपचार से वंचित रह जाते हैं । साथ ही, नकली दवाइयों की व्यापक उपलब्धता के कारण लोग स्वस्थ होने के बजाय और गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं । अतः आपसे अनुरोध है कि हमारे संसदीय क्षेत्र बस्ती, उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु चिकित्सकों तथा आधुनिक जाँच उपकरणों की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए निर्देश देने का कष्ट करें ।